# आकाशवाणी शिमला
## 27.07.2025/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**कैबिनेट बैठक**

प्रदेश मंत्रिमंडल की कल 28 से 31 जुलाई तक लगातार चार बैठकें होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। मंत्रिमंडल बैठकों में मंडी और अन्य क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए विशेष आपदा राहत पैकेज पर निर्णय होगा। इसके अलावा लंबित करूणामूलक नौकरियों पर निर्णय भी मंत्रिमंडल में लिया जा सकता है। इन बैठकों में प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र की तिथियां तय करने पर भी चर्चा होगी।

**मिंजर**

चंबा का अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो रहा है। तीन अगस्त तक चलने वाले इस मेले का शुभारम्भ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। राज्यपाल द्वारा चंबा के ऐतिहासिक लक्ष्मीनारायण मंदिर में मिर्जा परिवार की ओर से तैयार की गई मिंजर को लक्ष्मीनाथ को अर्पित करने के बाद शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो पिंक पेलेस स्थित भगवान रघुनाथ मंदिर पहुंचेगी। मिंजर मेला वास्तव में कुजड़ी मलहार के गायन का पर्व है।

**अटल पेंशन योजना**

केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या आठ करोड़ को पार कर गई है। दस साल पहले शुरु हुई यह योजना भारत सरकार की अग्रणी सामाजिक सुरक्षा योजना है। यह देश के सभी नागरिकों के लिए एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है जो मुख्य रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है।

**कारगिल विजय दिवस**

कारगिल विजय दिवस पर अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला शिमला ने कल शाम शहर में मशाल जुलूस यात्रा निकाली। यह यात्रा सीटीओ से शुरू होकर शेरे पंजाब तक निकाली गई। इस दौरान 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर विजय दर्ज करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।भाजपा जिला अध्यक्ष केशव चौहान ने कहा कि 26 जुलाई देश के लिए गर्व का दिन है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने प्रदेश में आज से 31 जुलाई तक कई जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने आज ऊना, कांगड़ा तथा सिरमौर के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। प्रदेश में वर्षा और भूस्खलन के कारण दो राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी में एनएच–70 व कुल्लू में एनएच 305 सहित 212 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से..........**

अमर उजाला की सुर्खी है–**शास्त्री अभ्यर्थियों को बड़ी राहत, हाईकोर्ट ने दी बी.एड शर्त से छूट।**

दैनिक जागरण की एक खबर है– **हिमाचल में पहली बार लगातार चार दिन होगी मंत्रिमंडल की बैठक।**

**हिमाचल को अब तक एक हजार 438 करोड़ का नुकसान** शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–**बादल फटने की घटनाओं पर अध्ययन कर वापस लौटी केंद्रीय टीम, रिपोर्ट के आधार पर फैसला लेगी केंद्र सरकार।**

मौसम पर पंजाब केसरी के शब्द हैं–**कल येलो अलर्ट, 31 जुलाई से धीमा पड़ेगा मानसून।**

———————————